**9.(B)** संविधान के अनुच्छेद 5 में नागरिकों के बारे में उल्लेख किया गया है, वे व्यक्ति जो भारत में जन्में हो या जिनके माता–पिता भारत में जन्में हो या संविधान के प्रारंभ से ठीक पहले 5 वर्ष तक जिसका भारत के राज्यक्षेत्र में मामूली तौर पर निवास रहा हो या जिसने नागरिकता बाद में अर्जित कर ली हो का उल्लेख है। लेकिन नागरिक जीवित व्यक्ति ही हो सकता है निगम, विधिक व्यक्ति हो सकता है, लेकिन नागरिक नहीं हो सकता।

**10.(B)** भारतीय संविधान दुनिया का विशालतम संविधान है, अनेकों संविधानवेत्ताओं ने इसे अलग–अलग प्रकार से परिभाषित किया है। प्रो. व्हीयर ने इसे अर्द्धसंघीय संविधान कहा है। जेनिग्स के अनुसार भारतीय संविधान के आधार पर भारत ऐसा परिसंध है जिसमें केन्द्रीयकरण की शसक्त प्रवृति है। प्रो. ऐलेक्जेन्ड्रोविच ने इसे ''अनोखा परिषेध'' कहा है, क्योंकि इसमें एकात्मक व संघात्मक दोनों के ही लक्षण मौजूद है, जो भारतीय परिस्थितियों के लिए परमावश्यक भी है।

**11.(D)** प्रो. हार्ट को ब्रिटिश अधिरचनावाद का अग्रणी समकालीन प्रतिनिधि माना जाता है। उन्होंने अपने विधिक सिद्धांत की व्याख्या 'नियमों की व्यवस्था' के रूप में की। हार्ट ने विश्लेषणात्मक अधिरचनावाद के अध्ययन में पुनः रूचि जगा दी। उनके अनुसार विधिशास्त्र के विज्ञान की कुंजी नियमों की व्यवस्था है, प्राथमिक और सहायक नियम दोनों का समेकन विधि के स्वभाव को स्पष्ट करता है।

**12.(A)** उक्त आलोचना के अनुसार न्यायाधीश विधि का निर्माण करते हैं, वे मात्र पूर्व से उपस्थित व विद्यमान विधि की घोषणा ही नहीं करते। यह सिद्धांत पूर्व निर्णय के सृजनात्मक सिद्धांत के नाम से जाना जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार न्यायाधीश अपने निर्णयों के माध्यम से नये नियमों का सृजन या निर्माण करते हैं। इस विधारधारा को मानने वाले प्रमुख विधिशास्त्री है– आस्टिन, हॉलेण्ड, जेथ्रोब्राउन, ग्रे आदि।

**13.(D)** आस्टिन के अनुसार विधिशास्त्र ''अधिरचित विधि का दर्शन है। उन्हें आंग्ल विधिशास्त्र का जनक कहा जाता है, वे प्रमाणवाद के पिता कहे जाते हैं, आस्टिन, बेंथम के शिष्य है। आस्टिन के अनुसार अधिरचित विधि की तीन विशेषताएं है– यह एक प्रकार का समादेश है, यह राजनीतिक रूप से संप्रभु द्वारा निरूपित या निर्धारित किया जाता है और उसका प्रवर्तन एक अनुशास्ति द्वारा होता है।

**14.(B)** बेंथम को उपयोगितावाद का जनक कहा जाता है, इनका विधिक दर्शन बहुआयामी था। उनके उपयोगिता के सिद्धांत का तात्पर्य ''अधिक से अधिक लोगों की अधिक से अधिक भलाई से था। उनके अनुसार विधि को सुख और दु:ख की कसौटी पर परखा जाना चाहिए।

**15.(D)** प्रथा लोगों द्वारा पालन की जाने वाली एक चलन है जिसे न्यायालय कुछ शर्तों के साथ मान्यता देते हैं, ये शर्तें है कि प्रथा या रूढ़ि का–

(1) स्मरणातीत काल से प्रचलन

(2) निरंतरता

(3) शांतिपूर्ण उपभोग

(4) बाध्यकारी शक्ति

(5) निश्चितता

(6) संगतता

(7) युक्तियुक्ता

(8) नैतिकता

(9) संविधियों से अनुरूपता हो

**16.(D)** एक पूर्व निर्णय का मामला ऐसा दृष्टांत है जिसे उदाहरण या नियम के रुप में पश्चातवर्ती वादों मे लिया जा सकता है या जिसके माध्यम से समान कार्य या समान परिस्थितियों का समर्थन किया जा सकता है, या न्यायोचित ढहराया जा सकता है। ये ऐसे पूर्व विनिश्चय है, जिन्हें न्यायालय सम्मान देते हैं, और पालन करते हैं, क्योंकि वे न्यायिक अधिकरणों द्वारा दिये गए है।

**17.(D)** स्वामीत्व किसी भौतिक वस्तु का हो सकता है, या एक अधिकार का हो सकता है। जब स्वामीत्व की विषय वस्तु भौतिक वस्तु जैसे मकान, घर, जमीन, पाल आदि होते हैं, तो स्वामीत्व मूर्त होता है और

जब स्वामीत्व की विषयवस्तु अधिकार होता है, जैसे– प्रतिलिप्याधिकार, व्यापार चिन्ह, पेटेन्ट, गुडविल आदि वहां स्वामीत्व अमूर्त होता है। मूर्त सम्पत्ति चल या अचल हो सकती है।

**18.(C)** ऐसा कब्जा जो दूसरे के माध्यम से प्राप्त होता है, मध्यवर्ती कब्जा कहलाता है, इसे अप्रत्यक्ष कब्जा भी कहते हैं, जबकि तात्कालिक कब्जे में वस्तु पर प्रत्यक्ष एवं वास्तविक नियंत्रण निहित होता है। किसी भौतिक वस्तु पर कब्जे को मूर्त कब्जा कहा जाता है, और किसी अधिकार पर कब्जे को अमूर्त कब्जा कहते हैं, अर्थात् ऐसी वस्तु जिन्हें हम देख या छू नहीं सकते।

**19.(A)** स्टार्क, ओपेन हास के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय विधि वास्तव में विधि है। जबकि अस्टिन, हॉब्स आदि के अनुसार अर्न्तराष्ट्रीय विधि, विधि नहीं है, क्योंकि इसमें समादेश का और दण्ड का अभाव है, लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय विधि, विधि है क्योंकि अभ्यास में निरन्तर इसे विधि की मान्यता प्रदान की जाती है।

**20.(D)** अनुच्छेद 38 के अनुसार

प्राथमिक स्त्रोत–(1) अन्तर्राष्ट्रीय अभि समय

(2) अन्तर्राष्ट्रीय प्रथाएं

(3) सभ्य राष्ट्रों द्वारा स्वीकृत विधि के सामान्य सिद्धांत

द्वितियक स्त्रोत–(1) न्यायिक निर्णय

(2) न्यायशास्त्रियों एवं भाष्यकारों की रचनाएं

(3) अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं के अंगों के निर्णय

**21.(D)** संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 7 के अनुसार यह संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख अंग है। सुरक्षा परिषद् के कार्य एवं शक्तियां निम्न है–

(1) अन्तर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बनाए रखना

(2) निर्वाचन सम्बंधीत कार्य

(3) पर्यवेक्षण कार्य

(4) संवैधानिक कार्य

**22.(A)** मान्यता के बारे में 2 प्रमुख मत हैं–

(1) निर्माणात्मक

(2) उद्‌घोषणात्मक मत

निर्माणात्मक मत के अनुसार मान्यता द्वारा ही राज्य राष्ट्रत्व को प्राप्त करता है, तथा उसे अन्तर्राष्ट्रीय अधिकार प्राप्त होते है, जबकि उद्‌घोषणात्मक मत के अनुसार राज्य की सरकार को मान्यता पहले से प्राप्त होती है, अन्य राष्ट्रों द्वारा केवल उसकी उद्‌घोषणा की जाती है।

**23.(D)** अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के निपटारे के दो प्रकार हैं–

(1) निपटारे का शांतिपूर्ण प्रकार

(2) निपटारे का बाध्यकारी प्रकार

अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के निपटारे के शांतिपूर्ण ढंग निम्नलिखित है–

(1) माध्यस्थम

(2) न्यायिक निर्णय

(3) वार्ता

(4) सत्प्रयत्न

(5) माध्यस्थता

(6) समझौता

(7) संयुक्त राष्ट्र के अन्तर्गत झगड़ों का निपटारा

**24.(B)** न्याय का अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रमुख न्यायिक अंग है। अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में 15 न्यायाधीश होते है, जिनका चुनाव महासभा तथा सुरक्षा परिषद् करती है। न्यायाधीशों का कार्यकाल 9 वर्ष के लिए होता है, तथा अपने कार्यकाल की समाप्ति के बाद पुनः निर्वाचित किए जा सकते हैं।

**25.(C)** 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ औपचारिक रूप से अस्तित्व में आया। संयुक्त राष्ट्र का जन्म विनाशकारी युद्ध के परिणामस्वरूप हुआ है, तथा मौलिक मानवीय अधिकारों की मान्यता, सभी राज्यों की प्रभुत्वसम्पन्न समानता तथा अगणित लोगों की बेहतर आर्थिक तथा सामाजिक दशाओं को सुधारने के आधार पर स्थायी शांति स्थापित करने की आशा की गई है।

**26.(C)** हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 11 में शून्य विवाह के बारे में प्रावधान किया गया है। शून्य विवाह प्रारंभ से ही शून्य होता है, जैसे कि कोई विवाह हुआ ही नहीं। ऐसे विवाह के लिए न्यायालय की डिग्री की आवश्यकता नहीं होती। यदि न्यायालय की डिक्री के बिना भी कोई पक्षकार दूसरा विवाह कर लेते हैं, तो भी द्वि–विवाह के दोषी नहीं होंगे।

**27.(B)** जब पति या पत्नी में से किसी ने युक्तियुक्त प्रतिहेतु के बिना दूसरे से अपना साहचर्य प्रत्याहृत कर लिया है, तब पीड़ित पक्षकार दाम्पत्य अधिकारों के प्रत्यास्थापन की याचिका जिला न्यायालय/ पारिवारिक न्यायालय के समक्ष संस्थित कर सकेगा। न्यायालय संतुष्ट हो जाने पर कि आवेदन मंजूर करने के वैध आधार है, दाम्पत्य अधिकारों के प्रत्यास्थापन के लिए आज्ञाप्ति प्रदान कर सकेगा।

**28.(D)** मुस्लिम विधि के दो प्रमुख स्त्रोत हैं–

मुख्य स्त्रोत – (1) कुरान, (2) अहाडिस : सुन्नत (3) इज्मा, (4) कियास

गौण स्त्रोत– (1) रिवाज व प्रथाएं, (2) विवाधय, (3) न्यायिक निर्णय, (4) साम्या, न्याय तथा शुद्ध अन्तःकरण के सिद्धांत।

**29.(C)** तलाक दो प्रकार के हो सकते हैं–

(1) तलाक–उल–सुन्नत

(2) तलाक–बिद्दत

(1) सुन्नत तलाक को पुनः दो वर्गो में बांटा जा सकता है–

(1) तलाक–ए–अहसन

(2) तलाक–ए–हसन

(2) तलाक–ए–हसन अर्थात् अति उत्तम तलाक।

इसके अन्तर्गत एक ही बार में तलाके के शब्द का उच्चारण स्त्री की तुहर की अवस्था में किया जाता है, इद्दत व तुहर की अवस्था में संभोग वर्जित होता है।

**30.(D)** ऐसे तलाक में एक ही समय में तीन बार उच्चारण (जैसे– में तुन्में तलाक देता हूं मैं तुम्हें तलाक देता हूं, मैं तुम्हें तलाक देता हूं) किया जाना चाहिए ऐसे तलाक को बुरा तलाक कहा जाता है, क्योंकि

यह अप्रतिसंहरणीय होता है, लेकिन अप्रतिसंहरणीय होने का आशय स्पष्ट होना चाहिए। पैगम्बर साहब ने इस तलाक का विरोध किया है, वर्तमान में भी यह तलाक कम ही प्रचलित है।

**31.(D)** संविदा करने की सक्षमता को भारतीय संविदा अधिनियम 1872 की धारा 11 में दर्शित किया गया है। जिसके अनुसार वह व्यक्ति जो वयस्क हो, स्वस्थचित हो और विधि द्वारा संविदा करने के लिए अयोग्य न हो। वयस्क वह है जिसने 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो या यदि न्यायालय द्वारा उसके लिए संरक्षक नियुक्त किया गया है तो जब कि उसने 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो।

**32.(C)** भारतीय संविदा अधिनियम 1872 की धारा 2 (ख) में वचन को परिभाषित किया गया है, जिसके अनुसार प्रस्तावना प्रतिगृहित हो जाने पर वचन कही जाती है।

जबकि हर एक वचन और वचनों का समुह, जो एक–दूसरे के लिए प्रतिफल हो 'करार' कहलाता है। और विधित प्रवर्तनीय करार संविदा है।

**33.(B)** भारतीय संविदा अधिनियम 1872 की धारा 16 में असम्यक असर को परिभाषित किया गया है। जब पक्षकारों के मध्य सम्बंध ऐसे हो कि एक पक्षकार दूसरे की इच्छा को अधिशासित करने की स्थिति में हो और वह अपनी इस स्थिति का प्रयोग दूसरे पक्षकार से अनुचित लाभ अभिप्राप्त करने के लिए करता है, तो संविदा असम्यक असर द्वारा उत्प्रेरित कही जाती है। कथित पक्षकार धारा 19–क में इस प्रकार की संविदा को अपास्त कराने हेतु आवेदन कर सकता है।

**34.(D)** जब करार पक्षकारों की स्वतंत्र सहमति से हो तो ही एक संविदा बनता है। जब पक्षकार किसी एक बात के बारे में एक ही भाव से सहमत हो तो इसे सम्मति कहा जाता है (धारा 13)। जब संविदा प्रपीडन, असम्यक असर, कपट, दुर्व्यपदेशन, भूल से कारित हो तो वह स्वतंत्र सहमति से की गई संविदा नहीं होती (धारा 14)। धारा 19 के तहत ऐसी संविदा पीड़ित या व्यथित पक्षकार के विकल्प पर शून्यकरणीय होगी।

**35.(D)** भारतीय संविदा अधिनियम 1872 की धारा 31 के अनुसार, समाश्रित संविदा, वह संविदा है जो ऐसी संविदा के सम्पार्श्विक किसी घटना के घटित होने या न होने पर ही किसी बात को करने या न करने के लिए हो।

समाश्रित संविदा के आवश्यक तत्व–

(1) घटना अनिश्चित प्रकृति की हो

(2) संविदा की पालना किसी घटना के घटित होने या न होने पर निर्भर हो

(3) घटना संविदा से सम्पार्श्विक हो।

**36.(D)** आपराधिक विधि का यह महत्वपूर्ण सूत्र है, यदि किसी व्यक्ति का अपराध करने का न तो आशय हो और न ही उसे इस बात का ज्ञान हो कि अपराध हो सकता है और उसके द्वारा किए गए कार्य से अपराध का गठन नहीं होता, क्योंकि उक्त कार्य में दुराशय का अभाव है।

**37.(D)** अपकृत्य विधि कई प्रतिरक्षाओं को मान्यता देती है, जिनमें से एक है– ''सहमति का अभाव'' अर्थात स्वेच्छा से उठाई गई क्षति से कोई हानि नहीं होती है, तथा उसके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती। लेकिन सहमति वैद्य कार्य के लिए होनी चाहिए तथा जिस कार्य के लिए सहमति दी जा रही है, उसका ज्ञान होना चाहिए।

**38.(D)** उपरोक्त सभी कार्य अपकृत्य भी है और अपराध भी। इन कार्यों के लिए राज्य द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध दाण्डिक अभियोजन संस्थित किया जा सकता है, ताकि अभियुक्त को उसके कृत्य का दण्ड मिल सके और व्यथित व्यक्ति को अपनी क्षति की क्षतिपूर्ति हेतु सिविल न्यायालय में दीवानी दावा संस्थित करने का भी अधिकार है अतः एक ही कार्य के लिए सिविल व दाण्डिक दोनों प्रकार की कार्यवाहियां चालू रह सकती है।

**39.(A)** अंशदायी उपेक्षा का अर्थ है कि जब कार्य करते समय प्रतिवादी के साथ–साथ वादी का भी उस दुर्घना में योगदान हो तो ऐसी उपेक्षा अंशदायी उपेक्षा कहलाती है। इस प्रकार के मामलों में प्रतिकर का निर्धारण मामले में प्रतिवादी की उपेक्षा के अनुपात के अनुसार होता है। यदि वादी व प्रतिवादी की उपेक्षा मामले में लगभग बराबर हो तो न्यायालय क्षतिपूर्ति दिलाए जाने से मना कर सकता है, अतः यह वादी के विरूद्ध अच्छी प्रतिरक्षा है।

**40.(C)** दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 2 (सी) में संज्ञेय अपराध को परिभाषित किया गया है, जिसके अनुसार संज्ञेय अपराध वह अपराध है, जिसमें पुलिस अधिकारी को अभियुक्त को वारण्ट के बिना गिरफ्तार कर सकता है और अन्वेषण भी कर सकता है जबकि असंज्ञेय अपराध (धारा 2 (L)) के मामलों में पुलिस अधिकारी मजिस्ट्रेट के आदेश या जारी वारण्ट के बिना गिरफ्तारी और अन्वेषण नहीं कर सकता।

**41.(A)** संहिता की धारा 77 दर्शित करती है कि यदि न्यायिकता कार्य करते हुए न्यायालय का न्यायाधीश तथ्य की भूल के कारण कोई गलत कार्य कर देता है तो उसका आपराधिक दायित्व नहीं होगा लेकिन कार्य सद्भावना पूर्वक तथा युक्तियुक्त विश्वास के साथ किया जाना चाहिए।

**42.(D)** तैयारी अपराध का दूसरा चरण है, सामान्यतया किसी अपराध की तैयारी करना अपराध नहीं है, क्योंकि अपराध का होना तैयारी से स्पष्ट नहीं होता तैयारी तभी अपराध होती है जब दण्ड संहिता द्वारा इसे स्पष्टतः अपराध घोषित किया गया हो।

**43.(D)** अपराध के निम्नांकित 4 चरण है–

(1) आशय, (2) तैयारी, (3) प्रयत्न, (4) कार्य

अतः प्रयत्न तैयारी के बाद की अवस्था है, जिसमें कार्य किया जा चुका होता है, और वह कर्ता के नियंत्रण से बाहर चला जाता है, अब कार्य को रोका नहीं जा सकता इसीलिए प्रयत्न दायित्व उत्पन्न करता है लेकिन प्रयत्न संभव होना चाहिए। प्रयत्न के लिए दण्ड प्रथकतः किया गया है तो उसे उस दण्ड से दण्डित किया जाएगा अन्यथा धारा 511 के अनुसार अपराध के लिए वर्णित दण्ड का आधा दण्ड अपराधी को दिया जाएगा।

**44.(A)** धारा 463 भारतीय दण्ड संहिता 1860 में कूट रचना को परिभाषित किया गया है कि जो कोई किसी मिथ्या दस्तावेज या इलेक्ट्रोनिक रिकोर्ड अथवा दस्तावेज के किसी भाग को इस आशय से रचता है कि लोक या व्यक्ति का नुकसान या क्षति कारित हो, दावे/हक का समर्थन किया जाए, सम्पत्ति अलग करे, अभिव्यक्त या विवक्षित संविदा करे या कपट करे तो वह कूट रचना करता है।

**45.(B)** भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 52 में सद्भावनापूर्वक शब्द को स्पष्टीकृत किया गया है, जिसके अनुसार ''कोई बात सद्भावनापूर्वक की गई या विश्वास की गई नहीं कही जाती जो सम्यक् सर्तकता और ध्यान के बिना की गई हो या विश्वास की गई हो। अर्थात् सम्यक सतर्कता व ध्यान से किये गए कार्य से आपराधिक दायित्व उत्पन्न नहीं होता।

**46.(B)** धारा 53 में निम्नांकित दण्ड उल्लिखित है–

(1) मृत्युदण्ड

(2) आजीवन कारावास

(3) कठिन, कठोर या सश्रम कारावास

(4) सादा / साधारण कारावास

(5) सम्पत्ति का समपहरण, एवं

(6) जुर्माना

**47.(D)** औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2 (ञ) के अनुसार उद्योग को निम्न प्रकार परिभाषित किया गया है–

ऐसा सुव्यवस्थित क्रियाकलाप जो नियोजक और उसके कर्मकारों द्वारा उनके बीच सहयोग से किया जा रहा हो जो मानवीय आवश्यकताओं और इच्छाओं की पूर्ति के लिए माल के उत्पादन, आपूर्ति, वितरण या सेवाओं के लिए हो।

**48.(D)** औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2 (ट) में औद्योगिक विवाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है–

''औद्योगिक विवाद'' से नियोजकों और नियोजकों के बीच, नियोजकों और कर्मकारों के बीच, कर्मकारों और कर्मकारों के बीच का कोई ऐसा विवाद अभिप्रेत है, जो किसी व्यक्ति के नियोजन या अनियोजन या नियोजन के निर्बन्धनों या श्रम की शर्तों से संसक्त है।

**49.(A)** औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 3 के अन्तर्गत उद्योगों में उत्पन्न विवाद के लिए कार्य समिति के गठन का प्रावधान है। धारा 4 के अधीन सुलह अधिकारी भी ऐसे विवादों का निस्तारण कर सकेगा जिसकी नियुक्ति समुचित सरकार द्वारा की जाएगी। धारा 5 में सुलह बोर्ड का गठनन तथा धारा 6 में जांच न्यायालय के गठन का प्रावधान भी विवादों के निस्तारण हेतु किया गया है, जिनकी स्थापना की समुचित सरकार करेगी।

**50.(B)** 25 (ग) के अनुसार प्रत्येक कर्मकार जिसका नाम औद्योगिक संस्थान की उपस्थिति पत्रिका में दर्ज है और जो नियोजक के पास एक वर्ष या इससे अधिक समय से कार्यरत् है, यदि अस्थायी रूप से हटाया जाता है, चाहे लगातार हो या अन्तरालों में हो तो ऐसी छुट्टी को जबरी छुट्टी कहते है, और इसका नियोजकों को प्रतिकर देना होगा (साप्ताहिक अवकाश के अलावा)।

धारा 25 (च) – छटनी के आधार

धारा 25 (छ) – छटनी की संरक्षण की शर्ते

धारा 25 (ण) – बंद प्रक्रिया संबंधी प्रावधानों का वर्णन है।

## Paper III

**1.(C)** अनुच्छेद 12 (राज्य) → भारत की (i) सरकार (ii) संसद (iii) प्रत्येक राज्य के विधान मण्डल (iv) भारत के क्षेत्र के भीतर या भारत सरकार के नियंत्रण के अधीन सभी स्थानीय प्राधिकारी और अन्य प्राधिकारी सम्मिलित है। अन्य प्राधिकारी में वे सब प्राधिकारी आते हैं जो संविधान या किसी संविधि द्वारा स्थापित किये जाते हैं और जिन्हे विधि, उपविधि आदि निर्मित करने की शक्ति प्राप्त है।

**2.(B)** भारत में नागरिकों को अब सम्पत्ति का मूल अधिकार प्राप्त नहीं है क्योंकि 44 वे संविधान अधिनियम 1978 द्वारा इसे अनुच्छेद 31 से निकाल कर अनुच्छेद 300- क अन्तःस्थापित कर दिया गया है, अब सम्पत्ति का अधिकार संवैधानिक अधिकार है,मूल अधिकार नही,अर्थात इसके लिए अनुच्छेद 32 के अधीन भारत के उच्चतम न्यायालय में रिट/याचिका दायर नहीं की जा सकती।

**3.(C)** आपात की उद्घोषणा प्रवर्तन में होने पर अनुच्छेद 19 स्वतः निलम्बित हो जाता है राष्ट्रपति उद्घोषणा करके अन्य मूल अधिकारों को न्यायालय में समावेदन द्वारा प्रवर्तित कराने के अधिकार जब तक उद्घोषणा प्रवृत हो निलम्बित कर सकता है, लेकिन अनुच्छेद 20 और 21 का इस प्रकार निलम्बन नहीं होगा।

**4.(B)** उपरोक्त संशोधन द्वारा संविधान के भाग 4–क के अनुच्छेद 51–क में एक मूल कर्तव्य (ट) जोड़कर 10 मूल कर्तव्यों को 11 कर्तव्य कर दिया है 51–क(ट) जो माता–पिता या संरक्षक है या जैसी भी स्थिति हो, 16 से 14 वर्ष की आयु के बीच का प्रतिपाल्य है शिक्षा के लिए व्यवस्था करने का अवसर दिलाएँ।

**5.(B)** उपरोक्त मामले में संविधान के 24 वें संशोधन अधिनिमय की वैधता को चुनौती दी गई तथा संसद के संविधान संशोधन की शक्ति को अनुच्छेद 368 में दी गई है उसकी सीमा पर विचार किया गया। उच्चतम न्यायालय ने 7.6 के बहुमत से निर्णय किया कि संसद की सविधान संशोधन की शक्ति असीमित नहीं है संसद संशोधन के नाम पर संविधान का 'मूल ढ़ाँचा',/'आधारभूत ढाँचा' नष्ट नहीं कर सकती।

**6.(D)** भारत में ब्रिटेन की भाँति संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया है, अर्थात् राष्ट्रपति नाममात्र का प्रधान होता है, वास्तविक शक्तियाँ मंत्रीमण्डल को दी गई है। अनुच्छेद 52 के अनुसार भारत का एक

राष्ट्रपति होगा। अनुच्छेद 53 के अनुसार, संघ की कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति में निहित होगी और वह उसका प्रयोग इस संविधान के अनुसार स्वयं या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा करेगा।

**7.(D)** अनुच्छेद 93 के अनुसार लोकसभा : यथाशक्य शीघ्र, अपने सदस्यों में से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेगी और जब कभी भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का पद रिक्त हो, किसी अन्य सदस्य को इन पदों पर नियुक्त करेगी। जब धन विधेयक अनुच्छेद 109 के अधीन राज्य सभा को पारेषित हो या अनुच्छेद के 111 अधीन अनुमति के लिए राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत हो तब प्रत्येक धन विधेयक पर लोक सभा के अध्यक्ष के हस्ताक्षर सहित यह प्रमाण पृष्ठांकित किया जाएगा कि वह धन विधेयक है।

**8.(D)** अनुच्छेद 124 के अन्तर्गत उच्चतम न्यायालय के गठन का प्रावधान है उच्चतम न्यायालय को अनुच्छेद 131 मैं राज्य व केन्द्र के बीच के विवादों को सुलझाने हेतू मूल क्षेत्राधिकार उपलब्ध है, अनुच्छेद 32 के अन्तर्गत मूल अधिकारों के सम्बन्ध में भी उसे मूल क्षेत्राधिकार प्राप्त है। S.C. को अपीलीय अधिकारिता अनुच्छेद 132, 133, 134 व 136 में प्रदान की गई है, जबकि अनुच्छेद 143 के अन्तर्गत राष्ट्रपति को शक्ति है कि विधि या तथ्य के किसी प्रश्न पर उच्चतम न्यायालय से उसकी राय माँग सकें।

**9.(A)** किसी भी संविधान का सम्पूर्ण अध्ययन उसकी उद्देशिका के बिना अधूरा है। यह उद्देशिका ही है जो संविधान को प्रारम्भ करती है अतः उद्देशिका का अपनपा महत्व है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि भारतीय संविधान की उद्देशिका उसकी आत्मा और मैरूदण्ड है। उद्देशिका संविधान के सभी उपबंधों में जान डालती है।

**10.(A)** भारत के संविधान को दुनिया का विशाालतम संविधान कहा गया है इसकी अनेक विशेषाताएं है, जैसे केन्द्र व राज्यों के मध्य शक्तियों का विभाजन वयस्क मताधिकार, मूल अधिकार, संसठीय शासन प्रणाली, निवारक निरोध विधियां आदि लेकिन संविधान में एकल नागरिकता का प्रावधान है अमेरिका की भाँति राज्यों व केन्द्र की प्रथम नागरिकता का प्रावधान नहीं है। प्रत्येक नागरिक, भारत का नागरिक होगा, राज्यों की पृथक से नागरिकता नहीं है।

**11.(C)** संविधान के अनुच्छेद 29(2) में उपबंधित किया गया है कि राज्य द्वारा पोषित या राज्य विधि से सहायता पाने वाले किसी शिक्षा संस्था में प्रवेश से किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, भाषा या इनमें से किसी भी आधार पर वंचित नहीं किया जाएगा।

**12.(A)** रोमेश व्यापार v मद्रास राज्य AIR. 1950. S.R. 124 में उपबंधित किया गया है कि अनुच्छेद 19(1) (क) में उपबंधित भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में प्रेस की स्वतंत्रता सम्मिलित है। लेकिन इस स्वतंत्रता पर अनुच्छेद (2) से (6) तक प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

**13.(B)** अनुच्छेद 14 के अनुसार, राज्य भारत के राज्य क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा। विधिका शासन से तात्पर्य है कि विधि के समक्ष सभी व्यक्ति समान है और सभी व्यक्तियों को कानून द्वारा समान सुरक्षा प्राप्त है, सभी व्यक्ति देश की साधारण विधियों व न्यायालयों के अधीन है, कानून ही सर्वोच्च है तथा मानमानेपन का अभाव है। अर्थात् कोई भी व्यक्ति कानून से उपर नहीं है चाहे वह किसी भी अवस्था या पद पर हो।

**14.(A)** एक पूर्व निर्णय का मूल्यांकन करने में यह एक अतिमहत्वपूर्ण कारक है विनिश्चय आधार (रेसियो डेसिडेन्डी) निर्णय का 'विधिक कारण' होता जो न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत वाद के तथ्यों पर आधारित होता है निर्णय का यही भाग 'पूर्व निर्णय' बनाता है और बाध्यकारी प्रकृति रखता है।

**15.(B)** विधि का निर्णय जो विनिश्चय आधार का अंग नहीं है इतरोक्ति कहलाता है, वह बाध्यकारी प्रभाव नहीं रखता लेकिन महत्वपूर्ण होते हैं,न केवल यह विधि को तर्कसंगत बनाने में सहायक है अपितु वे उन समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव के रूप में काम करते हैं जिन पर अभी तक न्यायालयों ने निर्णय नहीं दिये है।

**16.(A)** रूढ़िया विधि का भाग तब ही बन सकती है जब वे युक्तियुक्त, नैतिक, प्राचीन, निरंतर तथा अधिनियमित विधि सें संगत हो यदि किसी रूढ़ि में उक्त गुण नहीं है तो वह विधि का रूप में नहीं ले सकती। यदि रूढ़ि लोकनीति के विरूद्ध है तो उसे अवैध घोषित किया जा सकता है, सती प्रथा, बालिका वध, भ्रूण हत्या, दासता जैसे प्रथाओं को विधियां बनाकर समाप्त किया जा रहा है क्योंकि यें रूढ़िया अनैतिक व लोकनीति के विरूद्ध है।

**17.(D)** निहित स्वामित्व वह स्वामित्व है जिसमें स्वामी का हक पूर्ण हो चुका है, अर्थात् सम्पत्ति अबाधित रूप से स्वामित्व में होती है। जबकि समाश्रित का हक अपूर्ण रहता है तथा सशर्त होता है आरोपित शर्त के पूर्ण होने पर यह भी पूर्ण या निहित हो जाता है।

**18.(C)** स्वामित्व एक विषय वस्तु पर समग्र नियंत्रण है। आस्टिन के अनुसार स्वामित्व का तात्पर्य अधिकार से है जो प्रत्येक ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध है जो वस्तु में उपयोग की दृष्टि से अनिश्चित व्ययन की दृष्टि से अनिर्बन्धित अवधि की दृष्टि से अीमित अधिकार प्रदान करने वाली विधि के अधीन है।

**19.(B)** जॉज आस्टिन विश्लेषणात्मक विचारधारा के प्रणेता है उनके अनुसार ''विधि उन नियमों का समुह है जो राजनीतिक रूप से श्रेष्ठ प्रकार के मनुष्यों द्वारा राजनैतिक रूप में अधीनस्थ प्रकार के मनुष्यों के लिए बनाए गए है'' विधि की यह परिभाषा देने वाले विधिवेत्ता जॉन आस्टिन है।

**20.(A)** केल्सन के अनुसार निधिशास्त्र के अध्ययन का एकमात्र उद्देश्य मानकों जो विधि द्वारा स्थापित किये जाते है, का अध्ययन करना है। इनके अनुसार विधि मानकों की संकल्पना है सम्प्रभु का समादेश नहीं।

**21.(B)** मान्यता दो प्रमुख प्रकार की होती है–

(i) निर्माणात्मक– मान्यता द्वारा ही राज्य राष्ट्रत्व को प्राप्त करता है

(ii) उद्घोषणात्मक– राज्य सरकार की सत्ता मान्यता से पहले से रहती है। किसी राज्य को मान्यता तभी प्रदान की जाती है जब उसमें राष्ट्रत्व के आवश्यक तत्व मौजूद होते हैं तथा इस मान्यता द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय यह निर्णय देता लेता है कि वह राज्य अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अन्तर्गत अपने दायित्वों को पूरा करने में सक्षम है।

**22.(D)** आर्थिक तथा सामाजिक परिषद् में 54 सदस्य होते है, जिनका निर्वाचन महासभा द्वारा होता है, परिषद् को अन्तर्राष्ट्रीय, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृति, शैक्षिक, स्वास्थ्य तथा सम्बन्धित मामलों पर अध्ययन कर सकती है। यह सबके मानवीय अधिकारों तथा भौतिक स्वतंत्रताओं के आदर तथा लागू करने की संस्तुति दे सकती है। मानवाधिकार के लिए आयोग बनाने आदि की शक्ति भी आर्थिक व सामाजिक परिषद् को प्रदान की गई है।

**23.(C)** अन्तर्राष्ट्रीय विवाचन या माध्यमस्थम का उद्देश्य राज्यों के मध्य मतभेदों का निस्तारण अपने द्वारा चुने गए गए न्यायाधीशों द्वारा विधि सम्मत सम्मान के आधार पर कहना है। विवाचन का स्थायी न्यायालय नामों का एक पैनल है जिसमे से 3 या 4 सदस्यों को विवाचक बना दिया जाता है।

**24.(D)** शांतिपूर्ण ढंग से अन्तर्राष्ट्रीय झगड़ों का निपटारा न हो पाने की स्थिति में निम्नलिखित बाध्यकारी ढंगों से झगड़ों का निपटारा किया जा सकता है जो निम्न है–

(1) प्रतिकार (2) बलपूर्वक प्रतिकार
(3) व्यापारा प्रतिबंध (घाटबंदी) (4) शांतिपूर्ण नाकाबंदी
(5) हस्तक्षेप (6) संयुक्त राष्ट्र के प्रावधानों के अनुसरण में कार्य

**25.(A)** शांतिपूर्ण तरीके जिनसे अन्तर्राष्ट्रीय विवादों का निस्तारण किया जा सके, निम्न है–
(1) माध्यस्थम (2) न्यायिक निर्णय (न्याय का अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय)
(3) वार्ता (4) सत्प्रयत्न
(5) मध्यस्थता (6) समझौता
(7) संयुक्त राष्ट्र के अन्तर्गत झगड़ों का निपटारा

**26.(D)** हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 12 में उपबंधित है कि जब विवाह धारा 5(ii) में विनिर्दिष्ट शर्तों के उल्लंघन में है अर्थात् किसी पक्षकार की विक्रतचित्तता, विकार, उन्तत्तता के कारण हो या उसे सिरगी के दौरे बार–बार पड़ते हो तो उनके मध्य अनुष्ठापित विवाह शून्यकरणीय होगा।

**27.(A)** धारा 26 के अनुसार, अधिनियम के अधीन किसी कार्यवाही में न्यायालय अवयस्क सन्तति की अभिरक्षा, भरण पोषण और शिखा के बारे में जहाँ तक संभव हो, उसकी इच्छा में संगत, समय समय पर ऐसे अन्तिम आदेश दे सकेगा और आज्ञप्ति में ऐसे उपबन्ध कर सकेगा जो वह न्यायासंगत और उचित समझे।

**28.(B)** धारा 14 के अनुसार– धारा 13 के अधीन दिए गए आधारों पर विवाह विच्छेद की याचिका तथा धारा 13- ख के अधीन पारस्परिक सम्मति से विवाह विच्छेद की याचिका विवाह के एक वर्ष के भीतर प्रस्तुत नहीं कि जाएगी लेकिन यदि साथ रहना अत्यधिक दूभर हो गया हो, या जीवन को संकट उत्पन्न हो गया हो तो एक वर्ष के भीतर भी याचिका दायर की जा सकेगी।

**29.(D)** हिन्दू दत्तक तथा भरण पोषण अधिनियम 1956 की धारा 6 के अनुसार कोई दत्तक विधिमान्य नहीं हो जब तक कि–
(1) दत्तक लेने वाला व्यक्ति दत्तक लेने की सामर्थ्य न रखता हो,
(2) दत्तक लेने वाला व्यक्ति दत्तक देने की सामर्थ्य न रखता हो,
(3) दत्तक व्यक्ति स्वयं दत्तक में लिए जाने के योग्य न हों और
(4) दत्तक इस आध्याय में वर्णित अन्य शर्तो के अनुवर्तन में न किया गया हों।

**30.(C)** अधिनियम की धारा 7 में दत्तक लेने की सामर्थ्य का वर्णन किया गया है पुरूष तथा स्त्री दोनो ही दत्तक लेने में समर्थ है। अधिनिमय की धारा 14 में दत्तक माता के अवधारण के बारे में प्रावधान किया गया है। यदि हिन्दू जिसकी पत्नी जीवित है, दत्तक लेता है तो वह उसकी दत्तक माता समझी जाएगी। यदि एक से अधिक पत्नियाँ हो तो सबसे बड़ी पत्नी (पूर्व विवाहिता) दत्तम माता होगी तथा अन्य सौतेली माता समझी जागएी।

**31.(C)** परिवार का सबसे वरिष्ठ पुरूष संयुक्त हिन्दू परिवार का कर्ता होता है, उसे परिवार के लिए सम्पत्ति आर्जित करने, व्ययन करने अन्य सभी संव्यवहार करने का अधिकार होता है, सबकी और से न्यायालय में वाद दायर करने तथा प्रतिरक्षा करने का भी अधिकार होता है यदि परिवार का वरिष्ठ सदस्य अयोग्य हो तो सब सदस्यों की सहमति से किसी अन्य पुरूष सदस्य को कर्ता–खानदान बनाया जा सकता।

**32.(D)** अधिनियम की धारा 12 में उपबंधित है कि विवाह शून्यकरणीय निम्न अवस्थाओं में होगा–

(A) जबकि प्रत्यर्थी की नपुसंकता के कारण विवाहोत्तरा संभाग नहीं हुआ हो

(B) जबकि विवाह धारा 5(ii) की शर्तों के उल्लंघन में हुआ हो अर्थात् विकृत चित्रता उन्मत्तता व मिर्गी के दोरे प्रत्यर्थी के होते हैं।

(C) यदि याचिका दाता की सम्मत्ति बल या कर्मकाण्ड की प्रकृति या प्रत्यर्थी से सम्बन्धित किसी तात्विक तथ्य के बारे में कपट द्वारा अभिप्राप्त की गई थी,

(D) प्रत्युत्तरदात्री विवाह के समय याचिका दाता से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा गर्भवती थी शून्यकरणीय होगा और अकृतता की आज्ञप्ति द्वारा अकृत किया जा सकेगा।

**33.(C)** धारा 13(1) में पति व पत्नी दोनो को और धारा 13(2) में केवल पत्नी को उनमें उपबंधित आधारों पर विवाह विच्छेद व न्यायिक पृथककरण की अज्ञाप्ति प्राप्त करने हेतु अर्जी पेश करने का अधिकार किया गया है उसमें धारा 13(1) (1-5) में क्रूरता को भी आधार बनाया गया है यदि प्रत्यर्थी विवाह के अनुष्ठापन के पश्चात् प्रार्थी के साथ क्रूरता का बर्ताव करता है तो इस आधार पर न्यायालय में याचिका दायर की जा सकती है।

**34.(A)** अधिनियम की धारा 15 में दर्शित है कि यदि विवाह न्यायालय की आज्ञप्ति द्वारा भंग कर दिया गया है और या तो आज्ञाप्ति के खिलाफ अपील करने का कोई अधिकार नहीं हैं या अपील करने के समय

की समाप्ति अपील पेश किए बिना हो गई है या अपील की गई है किंन्तु खारिज कर दी गई है तब ही विवाह का कोई पक्षकार पुनः विवाह कर सकेगा।

**35.(C)** न्यायालय मामले की परिस्थितियों के अनुसार मामले के किसी भीा पक्षकार को धारा 24 के अन्तर्गत वादकालीन भरण पोषण और कार्यवाहियों के व्यय तथा धारा 25 के अन्तर्गत स्थायी निर्वाह व्यय और भरण पोषण प्रतिमास की दर से दिलवा सकता है और पक्षकारों की परिस्थितियों में परिवर्तन हो जाने पर आने आदेश को परिवर्तित, विखंडित और उपांतरित भी कर सकता है।

**36.(B)** मुता विवाह का प्रचलन केवल शिया मुसलमानों में है सुन्नी में नहीं यह अस्थायी विवाह है, लेकिन निश्चित अवधि के लिए होता है तथा मेहर भी निश्चित होता है। मुता की संताने वैध होंती। मुता द्वारा निकाह की हुई स्त्री को अपने पति से भरण–पोषण व प्रथक निवास का हक नहीं है। पत्नी को इद्दत कही अवधि काटनी पड़ती है। शिया मुसलमान पुरूष हिंदू स्त्री से मुता विवाह नहीं कर सकता जबकि गैर मुस्लिम पुरूष से कोई भी मुसलमान स्त्री मुता विवाह करने की हकदार नहीं है।

**37.(C)** वैध निकाह की निम्न शर्ते होती है–

(1) प्रस्ताव एवं स्वीकृति (इजाब एवं कुबुल)

(2) दोनों पक्षकारों की स्वतंत्र सहमति

(3) पक्षकारों की विवाह करने की सक्षतमा अर्थात् वयस्कता (योवनागम की आयु)

(4) इजाब एवं कुबुल का एक ही बैठक में होना

(5) दो साक्षीगण (दोनों पुरूष या एक पुरूष व एक स्त्री) की उपस्थिति

(6) प्रतिबिद्ध असतियों (रक्त, विवाह, दत्तक सम्बन्धों) का अभाव

**38.(B)** वह व्यक्ति मुसलमान है जो अल्लाह की एकल सत्ता में यकीन करता है एवं जो मौहम्मद साहब को अल्लाह का पैगम्बर मानता है। कोई भी व्यक्ति जो जन्म से या धर्म परिवर्तन से मुसलमान बन जाता है वह मुसलमान कहलाता है और उसकी संतान को भी मुसलमान माना जाता है। इनकी दो शाखाएं है।

(1) शिया मुसलमान (2) सुन्नी मुसलमान

**39.(A)** मेहर का मुख्य उद्देश्य प्रथमतः पति की विवाह करने की स्वच्छन्दता पर अंकुश लगाना है एवं द्वितीयतः पत्नी को सम्मानजनक राशी का संदाय करना है। यह विवाह का आवश्यक तत्व है। यह वो

धनराशि है जो पत्नी को पति द्वारा विवाह के प्रतिफल के रूप में की जाती है। यह कुरान की शिक्षा से लेकर पर्वत के बराबर धन जितनी हो सकती है। यह अप्रतिभूत ऋण है। इसे पत्नी अपने पति की सम्पत्ति से वसूल कर सकती है।

**40.(B)** उद्दत पति की मृत्यु या पति से तलाक द्वारा एक वैवाहिक सम्बन्ध की समाप्ति और दूसरे के आरंभ के बीच ऐसा अंतराल है जिसका पालन करना स्त्री के लिए अनिवार्य है। यह ऐसी अवधि है जिसका पूरा कर देना नए विवाह को वैध बना देता है। इद्दत का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है। कि स्त्री गर्भवती है या नहीं ताकि विवाह विघटन के पश्चात् पैदा हुई संतान की पैतृकता के भ्रम से मुक्ति पाई जा सकें।

**41.(D)** यह मृत्यु या विवाह–विच्छेद द्वारा विवाह के समाप्त हो जाने पर अथवा करार द्वारा निर्धारित किसी घटना के घटित हो जाने पर देय होता है। (हमारी बीबी बनाम जुबेदा बीबी एवं कपूरचन्द्र बनाम कादर उन्नीसा का मामला) यदि मेंहर की राशि का भुगतान नहीं किया जाए तो पत्नी संभोग से इंकार कर सकती है या मृतक पति की सम्पत्ति पर अपना कब्जा बनाए रख सकती है या मेंहर की धनराशि की वसूली ऋण के रूप में कर सकती है।

**42.(A)** ख्यार–उल–बुलुग, अवयस्क लडके या लड़की का जिसके विवाह की संविदा अभिभावक द्वारा की गई हो, यौवनावस्था प्राप्त कर लेने पर, विवाह की अस्वीकृति या पुष्टि करने का अधिकार है। लेकिन वयस्कता की या योवनागम की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् भी यदि उसका विवाह पूर्णता अर्थात् समागम को प्राप्त होता है तो यह अधिकार समाप्त हों जाता है।

**43.(D)** सम्पति का ऐसा अंतरण जिसमें एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को बिना किसी एवज/विनिमय के सम्पत्ति का कब्जा तुंरत दिया जाता है इसे दानगृहिता द्वारा या उसकी और से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा स्वीकार किया जाता है। यह शर्त सहित या बिना किसी शर्त के हो सकता है। धार्मिक लाभ के उद्देश्य से किया गया दान 'सदका' कहलाता है। दाता के विकल्प पर ग्रहणीय किसी वस्तु कि फलोपभोग को ग्रहण करने और उसका उपभोग करने की अनुमति के दान को 'अरियत' कहते है।

**44.(D)** मेहर वह धनराशि है जो पत्नी को पति द्वारा निकाह के प्रतिफल के रूप में दी जाती है। राशि के आधार पर मेहर दो प्रकार का होता है– (i) निश्चित मेहर (मेहर–ए–मुसम्मा) (ii) उचित मेहर (मेहा–ए–मिस्ल)

भुगतान के समय के आधार पर मेहर के प्रकार (i) तात्कालिक मेहर (मेहर–ए–मुअज्जल) (ii) आस्थागित मेहर (मेहर–ए–मुबज्जल)। जबकि हिबा का अभिप्राय दान से है।

**45.(A)** इस्लाम धर्म में निष्ठा प्रकट करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा किसी सम्पत्ति का मुस्लिम विधि के अन्तर्गत धार्मिक, पवित्र या खैराती, प्रयोजनों के लिए किया गया स्थायी समर्पण वक्फ कहलाता है। वक्फ का उद्देश्य युक्तियुक्त होना चाहिए। अवैध उद्देश्यों के लिए लगाई गई सम्पत्ति वाकिफ को वापस हो जाएगी। वक्फ, किसी वर्ग द्वारा, वसीयत द्वारा, मर्जशुल–मौत के दौरान; या स्मरणतीत उपयोग द्वारा किया जा सकता है।

**46.(A)** किसी संविदा के लिए सर्वप्रथम एक प्रक्षकार द्वारा प्रस्ताव किया जाता है और दूसरे पक्षकार द्वारा उस प्रस्ताव की स्वीकृति दी जाती है प्रस्तावना प्रतिगृहित (स्वीकृत) हो जाने पर 'वचन' बन जाती है हर एक वचन और वचनों का समूह जो एक दूसरे के लिए प्रतिफल हो 'करार' कहलाता है। धारा 25 (भारतीय संविदा अधिनियम 1872) के तहत प्रतिफल के बिना करार शून्य है अतः न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय भी नहीं है।

**47.(D)** सामान्यतया संविदा में एक पक्षकार प्रस्ताव करता है और दूसरा पक्षकार या तो अनेक प्रस्ताव को स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है। प्रस्ताव यदि स्वीकार कर लिया जाए तो वह स्वीकृति बन जाता है लेकिन ऐसी स्वीकृति बिना किसी शर्त के होनी चाहिए। यदि स्वीकृति देने वाला प्रस्ताव को शर्त के साथ स्वीकार करना चाहता है तो यह स्वीकृति न होकर प्रति–प्रस्ताव होता है, और प्रस्ताव कर्ता इस प्रति–प्रस्ताव को स्वीकृत कर सकता है या अस्वीकृत भी कर सकता है।

**48.(C)** प्रस्ताव के निमंत्रण का उद्देश्य प्रस्ताव की मांग करना होता हैं। यह सभी संविदाओं में उपस्थित हो यह आवश्यक नहीं है। इसका आशय निमंत्रण देने वाले व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को ऐसी सूचना देना है जिसके आधार पर वह व्यक्ति प्रस्थापना कर सकता है। निविदा सूचना, पुस्तकों की मूल्य सूची, कैटेलॉग, सेवा शुल्क, तालिका, रेल्वे की समय सारणी नीलामी की सूचना, दुकान पर रंगी मूल्य सूची इत्यादि प्रस्ताव के निमंत्रण की श्रेणी में आते हैं न कि प्रस्ताव।

**49.(C)** संविदा अधिनियम की धारा 70 उपबंधित करती है कि जब कोई व्यक्ति किसी अन्यव्यक्ति के लिए कोई बात या किसी चीज का परिदान आनुग्रहिक (निःशुल्क) करने का आशय न रखते हुए विधिपूर्वक करता है और ऐसा अन्य व्यक्ति उसका फायदा उठाता है ऐसा व्यक्ति अपनी सेवाओं के लिए प्रतिकर

प्राप्त करने का अधिकारी होता है लेकिन उपरोक्त उदाहरण में का 'A' आशय आनुग्रहिकतः कार्य करने का ही था अतः वह अपने कार्य के लिए 'B' से प्रतिकर की माँग नहीं कर सकता।

**50.(B)** संविदा अधिनियम की धारा 23 के अनुसार प्रत्येक करार, जिसका उद्देश्य या प्रतिफल विधि विरूद्ध हो, शून्य है। अतः चाहे करार विधि द्वारा निषिद्ध है, कपटपूर्ण हो, अनैतिक या लोक नीति के विरूद्ध हो जो वह शून्य होगा जबकि प्रत्येक शून्य करार अवैध नहीं होता जैसे बिना प्रतिफल के करार शून्य है लेकिन अवैध नहीं है (धारा 25) विवाह अवरोधक, व्यापार अवरोधक करार शून्य है, अवैध नही(धारा 26,27)विविध कार्यवाहियो के अवरोधक (धारा 28) अनिश्चितता के करार (धारा 29) पंधम तौर के करार (धारा 30) शून्य है परन्तु अवैध नहीं है।

**51.(A)** संविदा अधिनियम की धारा 15 के अनुसार, ऐसा कोई कार्य करना या करने की धमकी देना, जो भारतीय दण्ड संहिता 1860 द्वारा निषिद्ध है अथवा किसी व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए अवैध रूप से किसी सम्पत्ति को रोक कर या रोकने की धमकी दे कर प्राप्त की जा सकती है तो उसे प्रपीड़न (उत्पीड़न) कहते है। व्यावहारिक भाषा में इसे जबरदस्ती या बलपूर्वक या धमकी द्वारा सम्मति प्राप्त करना कहते है।

**52.(B)** संविदा अधिनियम की धारा 17 के अनुसार सामान्यतया मौन रहना कपट नहीं है लेकिन कुछ परिस्थितियों में मौन रहना कपट की परिधि में आ सकता है जैसे (1) जब तथ्य या बात को प्रकट करना कर्तव्य हो, (2) जबकि तथ्यों एवं परिस्थितियों में परिवर्तन हुआ हो, (3) जब मौन कपटपूर्ण हो या अर्द्ध सत्य हो एवं (4) मौन रहना भी कपट माना जाएगा जब बोलना कर्तव्य हो या मौन स्वतः ही बोलने के तुल्य हो।

**53.(A)** भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 383 के अनुसार जो कोई किसी व्यक्ति को स्वयं उस व्यक्ति को या किसी अन्य व्यक्ति के कोई क्षति करने के भय में साशय डालता है और तद्द्वारा इस प्रकार भय में डाले गए व्यक्ति को सम्पत्ति या मूल्यावान प्रतिभूति या हस्ताक्षरित या मुद्रांकित कोई चीज जिसे मूल्यावान प्रतिभूति में परिवर्तित किया जा सकें, किसी व्यक्ति को परिदत्त करने के लिए बेईमानी से उत्प्रेरित करता है, वह ''उद्दापन'' करता है।

**54.(D)** भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 405 में उपबंधित किया गया है कि कोई सम्पति या उस पर कोई अख्तियार किसी प्रकार अपने को न्यस्त किये जाने पर उस सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोंग

कर लेता है या उसे अपने उपयोग के लिए संपरिवर्तित कर लेता है या किसी अन्य का ऐसा किया जाना सहन करता है, वह आपराधिक न्यास भंग करता है। और दण्ड संहिता एक विधि है और संहिता की अवज्ञा करना विधि की अवज्ञा है अतः बस कन्डक्टर न्यास भंग और विधि की अवज्ञा का अपराध करता है।

**55.(B)** संहिता की धारा के तहत उपहति की निम्न किस्में 'धोर उपहति' कहलाती है–

(1) पुंसत्वहरण

(2) दोनों में से किसी नैग की दृष्टि या स्थायी विच्छेद

(3) दोनों में से किसी कान की श्रवणशक्ति का स्थायी विच्छेद

(4) किसी भी अंग या जोड़ का विच्छेद

(5) किसी भी अंग या जोड़ की शक्तियों का नाश

(6) सिर या चेहरे का स्थायी विद्रुपीकरण

(7) अस्थि या दाँत का भंग या विसंधान

(8) कोई उपहति जो जीवन को संकटापन्न करती है या जिसके कारण उपहत व्यक्ति बीस दिन तक तीव्र शारीरिक पीड़ा में रहता है या अपने मामूली कामकाज करने के लिए असमर्थ रहता है।

**56.(D)** भारतीय दंण्ड संहिता 1860 की धारा 378 के अनुसार, जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के (i) कब्जे में से (ii) उसकी सम्मति के बिना (iii) कोई जंगम सम्पति (vi) बेईमानीपूर्वक आशय से (v) लेने के लिए हटाता है, वह 'चोरी' करता है।

बेईमानी पूर्वक आशय का तात्पर्य अभियुक्त की आपराधिक मनः स्थिति से है, संहिता की धारा 24 में बेईमानी को परिभाषित किया गया है।

**57.(C)** भारतीय दंण्ड संहिता की धारा 107 में दर्शित है कि वह व्यक्ति किसी बात के लिए दुष्प्रेरण करता है जो उस बात के लिए किसी व्यक्ति को उकसाता है, या अन्य व्यक्तियों के साथ षडयंत्र में शामिल होता है या किसी कार्य या अवैध लोप द्वारा साशय सहायता करता है। हत्या के दुष्प्रेरण के लिए संहिता में पृथक से प्रावधान नहीं है अतः हत्या के अपराध का दण्ड ही दुष्प्रेरण के लिए दिया जा सकेगा।

**58.(D)** संहिता की धारा 107 के अनुसार दुष्प्रेरण निम्न प्रकार किया जस सकता है–

(1) उकसाकर

(2) षडयंत्र में भाग लेकर

(3) सहायता द्वारा

धारा 108 के अनुसार वह व्यक्ति अपराध का दुष्प्रेरण करता है जो अपराध के लिए या ऐसे कार्य के लिए या ऐसे कार्य लिए दुष्प्रेरण करता है जो अपराध होता यदि वह कार्य किसी समर्थ व्यक्ति द्वारा उसी आशय या ज्ञान से जो दुष्प्रेरक का है किया जाता।

**59.(D)** संहिता की धारा 54 के अनुसार जिस मामले में मृत्यु दण्डादेश पारित किया गया है उसमें अपराधी की सम्मति के बिना भी समुचित सरकारा उसे किसी अन्य दण्ड में लघुकृत कर सकेगी।

धारा 55 के अन्तर्गत, अपराधी की सम्मति के बिना समुचित सरकार आजीवन कारावास के दण्डादेश को अधिकतम 14 वर्ष के करावास में लघुकृत कर सकती है।

**60.(D)** संहिता की धारा 503 के अनुसार, जो कोई किसी अन्य व्यक्ति के शरीर, ख्याति या सम्पत्ति को या किसी हितवद्ध व्यक्ति के शरीर या ख्याति को कोई क्षति करने की धमकी उस अन्य व्यक्ति को इस आशय से देता है कि उसे संत्रास कारित किया जाए जिसके परिमार्जन करने के साधन स्वरूप कोई ऐसा कार्य किया जाए जिसे करने के लिए वह वैद्य रूप से आबद्ध न हो, वह आपराधिक अभित्रास करता है।

**61.(B)** मानहानि किसी व्यक्ति के सम्बंध में ऐसा कथन, शब्द, संकेत, चित्र मुद्रण या लेखन जिसके प्रकाशन से वह समाज के अन्य विवेकी मनुष्यों की दृष्टि में गिर जाता है या उपेक्षा का पात्र बन जाता है।

जब मानहानि किसी लेख या दस्तावेज द्वारा हो तो वह अपलेख कहलाती है। और मानहानि असत्य वचन द्वारा हो तो अपवचन कहलाती है।

**62.(A)** सामण्ड के अनुसार – अपकृत्य एक सिविल अपकार है, जिसका उपचार सामान्य विधि के अन्तर्गत अनिर्धारित नुकसानी के लिए कार्यवाही करना है। यह संविदा– भंग, न्यास भंग, और साम्पिक सम्बंधों से भिन्न है। अतः अपकृत्य संविदा भंग व न्यास भंग से भिन्न है।

**63.(A)** किसी व्यक्ति की भूमि या भवन के उपयोग या उपभोग के सम्बंध में किसी अधिकार में अवैद्य हस्तक्षेप करना उपताप कहलाता है। जैसे– पानी, दुर्गन्ध, गैस, शोरगुल, कम्पन्न, बीमारी के जीवाणु।

उपताप दो प्रकार का होता है–

(1) लोक उपताप – जन साधारण के स्वास्थ्य, सुरक्षा की क्षति

(2) व्यक्तिगत उपताप – व्यक्ति की व्यक्तिगत सम्पत्ति, स्वास्थ्य, सुरक्षा में अनुचित हस्तक्षेप।

**64.(D)** यह वाद राज्य के प्रतिनिधिक दायित्व का वर्णन करता है, इस वाद में राजस्थान राज्य के कर्मचारी (जीप ड्राइवर) लोकमल ने अपने नियोजन के दौरान राहगीर जगदीशलाल की मृत्यु कारित कर दी। मृतक जगदीशलाल की पत्नी विद्यावती ने राजस्थान राज्य एवं इसके अधीन कार्यरत जीप ड्राइवर लोकमल के विरूद्ध क्षतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु वाद पेश किया। उच्चतम न्यायालय में प्रतिपादित किया कि कर्मचारी के नियोजन के दौरान उसके द्वारा किये गए असंप्रभु कार्यों के लिए राज्य उत्तरदायी है, जैसे– कि सामान्य नियोजक।

**65.(D)** उक्त मामला भी राज्य के प्रतिनिधिक दायित्व से सम्बंधित है, अपीलार्थी कस्तूरी लाल का माल (सोना, चांदी) चोरी का होने के शक से पुलिस कर्मचारियों ने माल को जब्त कर लिया। पुलिस थाने के मालखाने से आभूषणों को कांस्टेबल चुराकर पाकिस्तान फरार हो गया। न्यायालय ने कस्तूरीलाल को निर्दोष घोषित किया तब उसने राज्य सरकार के विरूद्ध अपने माल की वापसी और क्षतिपूर्ति का वाद पेश किया। उच्चतम न्यायालय ने निर्णित किया कि यदि राज्य के कर्मचारी द्वारा राज्य की प्रभुता सम्पन्न शक्ति का प्रयोग करते हुए कोई कार्य किया गया है तो उस अपकृत्य के लिए राज्य सरकार क्षतिपूर्ति की राशि का संदाय करने के लिए उत्तरदायी नहीं है।

**66.(C)** उक्त वाद में राइलैण्ड ने अपनी भूमि पर जलाशय का निर्माण करवाया, हालांकि सुरंगों में मिट्टी भर दी गई थी तो भी मानी पड़ौसी फ्लैचर की खानों में चला गया। हाउस ऑफ लॉर्डस ने प्रतिपादित किया कि यदि कोई व्यक्ति अपनी भूमि पर किसी खतरनाक वस्तु का संचय करता है, वह वस्तु वहां से निकलकर पड़ौसी को नुकसान पहुंचाती है तो चाहे उसने सावधानी बरती हो तो भी वह दायी होगा ऐसा दायित्व कठोर दायित्व कहलाता है।

**67.(A)** क्षति की दूरस्थता अर्थात् क्षति की दुरस्थ संभावना जिसकी प्रतिवादी द्वारा पूर्व कल्पना नहीं की जा सकती हो तो ऐसी क्षति के लिए प्रतिवादी को दायी नहीं ठहराया जा सकता इसका परीक्षण उपरोक्त दो बातों से होता है।

(1) यदि उस क्षति की युक्तियुक्त रूप से पूर्वकल्पना की जा सकती है, तो प्रतिवादी उसके कार्य के लिए दायी होगी।

(2) यदि कोई क्षति प्रतिवादी के कार्य का प्रत्यक्ष परिणाम हो तो चाहे उसकी पूर्वकल्पना नहीं की जा सकती हो तो भी प्रतिवादी उस क्षति की पूर्ति के लिए दायी होगा।

**68.(B)** अपकृत्य हेतु यह एक सामान्य प्रतिरक्षा है, यदि कोई कार्य किसी गंभीर संकट के निवारण के लिए अत्यावश्यक हो और उस संकट के निवारण हेतु किए गए उस कार्य से कोई अपेक्षाकृत कम संकट संभावित है तो भयंकर क्षति के निवारण के लिए उस अपेक्षाकृत कम गंभीर कार्य को किया जाने पर यदि कोई क्षति हो जाती है तो वह अपकृत्य के लिए दायी नहीं होता।

**69.(D)** अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय व अनुच्छेद 32 के तहत उच्चतम न्यायालय लोक हित वाद को ग्रहण कर सकता है। लोक हित वाद में लोकस स्टेण्डाई अर्थात् सुनवाई के पारम्परिक नियमों को शिथिल कर दिया गया है, न्यायालय केवल एक पत्र के माध्यम से भी लोकहित वाद को सुन सकता है और रिट याचिका जारी कर सकता है।

**70.(D)** नैसर्शिक न्याय के नियम संविधान की आधारभूत संरचना के अंग है, यह नियम संविधान के मूलभूत है, हर प्रकार की कार्यवाही में इसका पालन किया जाना चाहिए, यदि इनका पालन नहीं किया जाता तो न्यायलय कार्यवाही को असंवैधानिक घोषित करेगा। ये नियम है–

1. सुनवाई के अधिकार का नियम – दोनों पक्षकारों को सुनवाई का उचित अवसर दिया जाना चाहिए।

2. मनमानेपन के विरूद्व नियम या पक्षपात के विरूद्व नियम– निष्पक्षता अच्छे प्रशासन की विशेषता है, क्योंकि यह सुस्थापित सिद्धान्त है कि '' न्याय किया ही नहीं जाना चाहिए वरन यह दिखाई भी देना चाहिए कि न्याय किया गया''। अतः न्यायिक अधिकारी को निष्पक्ष होना चाहिए।

**71.(D)** साधारणतया अच्छी प्रणाली का प्रशासन जनता को उत्तरदायी और उत्तरकारी होता है। इस दृष्टि से प्रशासनिक दोषों के विरूद्ध जनता की शिकायतों को दूर करने के लिए अनेक देशों में लोकपाल की स्थापना की गई है। भारत में भी कतिपय राज्यों में लोकायुक्त की नियुक्ति की गई है। संघ के लिए ओम्बड्समैन संस्था को लोकपाल के रूप में स्थापित करने के प्रयास चल रहे है।

**72.(A)** प्रशासनिक विधि का सम्बन्ध सरकार के प्रशासनिक प्रवर्तन और नियंत्रण से है। यह प्रशासनिक अभिकरणों की शक्तियों का विवेचन करती है। उनके प्रयोग के लिए प्रक्रियाओं को अधिकथित करती

है और प्रशासनिक अभिकरणों के कार्यों से व्यथित व्यक्तियों को विधिक उपचार प्रदान करती हैं। यह लोक विधि की शाखा है।

**73.(A)** जिस भी तत्व को संविधान की आधारित संरचना में शामिल कर लिया जाए तो वह संसद की संविधायी शक्ति से परे हो जाता है और संविधान के संशोधन से भी उसको प्रभावित नहीं किया जा सकता है S.C. द्वारा केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य में निर्णित किया कि संसद की संविधान करने की शक्ति अधिक है तो भी संसद संशोधन द्वारा संविधान के आधारभूत ढाँचे को नष्ट नही कर सकती ।

**74.(A)** उक्त संशोधन अधिनियम द्वारा उद्योग की परिभाषा में महत्पूर्ण परिवर्तन किया गया ताकि वर्तमान युग के आधार पर उसे अधिक उपयोगी बनाया जा सके। इस संशोधन में औद्योगिक विवादों के अन्वेषण व परिनिर्धारण के लिए उपबन्ध किये गए है।

**75.(A)** एक्सेलपीयर बनाम भारत संघ A.J.R 1979 S.C. 25 के मामले में धारा 25–ण को उच्चतम न्यायालय ने अवैध घोषित कर दिया तथा उपबन्धित किया कि किसी उपक्रम के नियोजक को उसके द्वारा उपक्रम में लगाई गई सम्पत्ति त्याग करने या व्यापार बदं करने को नहीं कहा जा सकता । न्यायालय ने धारा 25–ण को संविधान के अनुच्छेद 19(1) (छ) के अतिरिक्त धनकारी होने के कारण असंवैधानिक भी घोषित कर दिया।